ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 7

Subject : Hindi Grammar 2nd Term **Class : IIB** **Date : 03.08.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

एक आदमी भालू के साथ गाँव में डुगडुगी बजाता हुआ आ रहा था। वह आदमी भालू वाला था। वह चारखाने की लुँगी और फटा कुरता पहने था। उसके बाल रूखे और बिखरे थे। वह कंधे पर एक लाठी लिए हुए था। उस लाठी पर एक बड़ी गठरी टँगी थी। वह आगे-आगे चल रहा था और उसके पीछे-पीछे भालू चल रहा था। वह एक रस्सी से भालू को पकड़े हुए था। भालू के नथूने में रस्सी गुथी हुई थी। डुगडुगी की आवाज़ सुनकर बच्चे भालू का नाच देखने के लिए इकट्ठे हो गए।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

1. गाँव में डुगडुगी बजाता हुआ कौन आ रहा था?
उत्तर गाँव में डुगडुगी बजाता हुआ भालूवाला आ रहा था।
2. भालूवाले ने क्या पहन रखा था?
उत्तर भालूवाले ने चारखाने की लुँगी और फटा कुरता पहना था।
3. भालूवाले के बाल कैसे थे?
उत्तर भालूवाले के बाल रूखे और बिखरे थे।
4. भालू के नथूने में क्या गुथा हुआ था?
उत्तर भालू के नथूने में रस्सी गुथी हुई थी।
5. डुगडुगी की आवाज़ सुनकर क्या हुआ?
उत्तर डुगडुगी की आवाज़ सुनकर गाँव के बच्चें भालू का नाच देखने इकट्ठे हो गए।
6. गद्यांश से दो 'नाम शब्द' छाँटे।
उत्तर आदमी, भालू।
7. गद्यांश से विशेषण छाँटे।
उत्तर रूखे और बिखरे बाल।
8. 'कुरता' शब्द का वचन बदले।
उत्तर कुरते।
9. ठीक मात्रा लगाकर डगडगी का सही रूप लिखे।
उत्तर डुगडुगी।
10. 'भालू' शब्द से वाक्य बनाए।
उत्तर मुझे भालू का नाच देखना अच्छा लगता है।

Sangeeta Khosla